प्रेस विज्ञप्ति

**मुख्यमंत्री ने वासंतीय नवरात्रि की नवमी पर श्री गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर में विधि-विधान से कन्या पूजन किया**

**मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीरामलला के पावन प्राकट्योत्सव पर उनके बाल स्वरूप की पूजा-अर्चना की तथा झूला झूलाया**

**प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से पूरे देश में नारी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे : मुख्यमंत्री**

**वासंतीय एवं शारदीय नवरात्रि में मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखते हुए डबल इंजन सरकार मिशन शक्ति के माध्यम से नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये कार्य कर रही**

**नवरात्रि की नवमी तिथि पर कुवांरी कन्याओं के पूजन और उनको दक्षिणा प्रदान करने का कार्यक्रम मातृशक्ति के प्रति सनातन धर्म की श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक**

**भारत के सनातन धर्म की परम्परा एवं भारतीय जीवन पद्धति में प्रभु श्रीराम एक आदर्श के रूप में प्रत्येक भारतीय व सनातन धर्मावलम्बी के लिये प्रेरणा**

**श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर निर्माण, श्रीरामलला की भव्य और दिव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा और श्री राम यन्त्र की स्थापना को देश और दुनिया के प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी ने अपने चक्षुओं से देखा और आनन्द की अनुभूति की**

**आज नवमी तिथि को भगवान श्री सूर्यनारायण द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ**

**उ0प्र0 को उत्सव प्रदेश बनने का आनंद प्राप्त हो रहा, नवनिमार्ण के 09 वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक**

**स्नातक तक बेटी की शिक्षा के प्रबन्धन की व्यवस्था के साथ ही, प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में बेटियों को बेहतर स्थान दिलाने के लिये अनेक कदम उठाये**

**उ0प्र0 पुलिस बल में 44 हजार से अधिक महिला पुलिस अधिकारी और कार्मिक सफलतापूर्वक कार्य करते हुए महिला सुरक्षा व स्वावलम्बन का कार्यक्रम आगे बढा रही**

**लखनऊ : 27 मार्च, 2026** :: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि वासंतीय एवं शारदीय नवरात्रि में मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखते हुए डबल इंजन सरकार मिशन शक्ति के माध्यम से नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से पूरे देश में नारी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। प्रदेश

में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी आज वासंतीय नवरात्रि की नवमी पर श्री गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर में कन्या पूजन के उपरान्त मीडिया–प्रतिनिधियों के समक्ष अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री जी ने देवी स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारकर विधि–विधान से कन्या पूजन किया तथा उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराने के साथ दक्षिणा व उपहार प्रदान किये। उन्होंने बटुक भैरव का भी पूजन किया। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को वासंतीय नवरात्रि की पूर्णाहुति व रामनवमी की बधाई देते हुये कहा कि जगत जननी माँ भगवती की कृपा लोगों के व्यक्तिगत व पारिवारिक जीवन में सदैव बनी रहे। राष्ट्र व समाज में सर्वत्र खुशहाली और समृद्धि हो।

सभी व्रत व पर्व हम सभी को जीवन में संकल्पित होकर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करते हैं। वासंतीय व शारदीय नवरात्रि में जगत जननी माँ भगवती के 09 अलग–अलग रूपों की पूजा की जाती है। नवमी तिथि को कुवांरी कन्याओं के पूजन और उनको दक्षिणा प्रदान करने के कार्यक्रम होते हैं। यह कार्यक्रम मातृशक्ति के प्रति सनातन धर्म की श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी वासंतीय नवरात्रि सिद्धि प्रदान करने वाली, जीवन में सुख–समृद्धि लाने वाली तथा सर्वत्र खुशहाली प्रदान करने वाली पावन तिथि है। जगत जननी माँ दुर्गा के 09 दिनों के अनुष्ठान की आज पूर्णाहुति हुई है। वासंतीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पावन जन्मोत्सव रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। भारत के सनातन धर्म की परम्परा एवं भारतीय जीवन पद्धति में प्रभु श्रीराम एक आदर्श के रूप में प्रत्येक भारतीय व सनातन धर्मावलम्बी के लिये सदैव प्रेरणा रहे है। प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने वाला प्रत्येक भारतीय आज सुखद अनुभूति कर रहा है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर निर्माण के उपरान्त 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री जी के कर–कमलों से श्रीरामलला की भव्य और दिव्य प्रतिमा की प्राण–प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्राण–प्रतिष्ठा के पावन कार्यक्रम के उपरान्त श्रीराम जन्मभूमि पर रामदरबार में प्रभु श्रीराम, माता जानकी, भरत जी, लक्ष्मण जी, शत्रुघ्न जी के साथ ही, पवनसुत हनुमान विराजमान हो चुके हैं। इसी नवरात्रि की प्रथम तिथि अर्थात प्रतिपदा पर 19 मार्च, 2026 को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मन्दिर के द्वितीय तल पर श्री राम यन्त्र की स्थापना का कार्य सम्पन्न किया। इसके पूर्व, 25 नवम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री जी ने भारत के सनातन धर्म के प्रतीक भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण कार्य सम्पन्न किया था। यह क्रम देश और दुनिया के प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी ने अपने चक्षुओं से देखा और आनन्द की अनुभूति की। प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी अपने जन्म व जीवन को इसलिए धन्य महसूस करता है,

क्योंकि जो कार्य कई पीढ़ियां नहीं देख पायी, उसे उन्होंने अपनी आंखों से घटित होते देखा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज नवमी तिथि को भगवान श्री सूर्यनारायण द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक का दृश्य प्रत्येक भारतीय व सनातन धर्मावलम्बी को देखने को मिलेगा। श्री अयोध्या धाम में लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में भागीदार बन रहे हैं। पूरे प्रदेश में जगत जननी माँ भगवती से जुड़े पवित्र धर्म स्थलों में काफी भीड़-भाड़ है। समस्त व्यवस्थाएं सकुशल संचालित हो रही है। यह उत्साहपूर्ण वातावरण उत्सव के रंग को कई गुना खुशहाली में बदलने का कार्य कर रहा हैं। आज उत्तर प्रदेश को उत्सव प्रदेश बनने का आनंद प्राप्त हो रहा है। नवनिमार्ण के 09 वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से यह एक है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्नातक तक बेटी की शिक्षा के प्रबन्धन की व्यवस्था के साथ ही, प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में बेटियों को बेहतर स्थान दिलाने के लिये अनेक कदम उठाये हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस बल में महिलाओं के लिये 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 44 हजार से अधिक महिला पुलिस अधिकारी और कार्मिक सफलतापूर्वक कार्य करते हुए महिला सुरक्षा व स्वावलम्बन का कार्यक्रम आगे बढा रही हैं।

प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में केन्द्र और प्रदेश सरकार ने रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश में 25 करोड़ तथा प्रदेश में 06 करोड़ से अधिक गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर, सम्मानजनक जीवनयापन करने का अवसर प्रदान किया है। प्रदेश में 02 करोड़ 61 लाख गरीबों को शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 65 लाख परिवारों को आवास, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत लगभग 10 करोड़ लोगों को 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर एवं 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अतरिक्त, प्रदेश के विकास के लिए बिना भेदभाव अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल, सृजनशक्ति के संरक्षण लेकिन दुर्जनशक्ति के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति तथा समाज के अन्तिम पायदान के व्यक्ति के लिए संवेदना लेकिन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। यहाँ विरासत के सम्मान के साथ-साथ विकास की गारण्टी है।

मुख्यमंत्री जी ने कन्या पूजन के उपरान्त भगवान श्रीरामलला के पावन प्राकट्योत्सव के अवसर पर उनके बाल स्वरूप की पूजा-अर्चना की तथा झूला झूलाया। उन्होंने गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखपुर में आर0ओ0 मशीन का लोकार्पण भी किया।

--------------------